
## Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# कांग्रेस ही कर सकती है प्रदेश का विकासः प्रीतम सिंह

**स्वागत**

## नेता प्रतिपक्ष प्रितम सिंह व नव नियुक्त कांग्रेस में शामिल मालचंद का हुआ भव्य स्वागत

**संवाददाता**

पुरोला। नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह व पुर्व विधायक मालचंद का पुरोला, नौगांव चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में कांग्रेस में शामिल पुर्व विधायक के प्रथम आगमन पर पुरोला विधानसभा के चामी से नौगांव तक स्वागत रैली निकाली गई । जिसमें मोरी, पुरोला व नौगांव विकासखण्ड के हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता इस स्वागत समारोह में शामिल हुये। इस मौके पर दर्जनों ढोलबाजों की टोली संग, स्थानीय लोकनृत्य व हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर नौगांव,पुरोला चौराहे पर एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रीतम सिंह चौहान ने कहा कि मालचंद से कांग्रेस मजबूत हुई है, डबल इजंन की सरकार ने किसानों



का ऋण माफ नहीं किया, आय दोगुनी कोरी साबित, रोजगार का दमन किया, किसानों का उत्पीड़न किया।

मंहगाई की मार से जनता परेशान, गैस सिलेंडर 400 से बढ़ाकर एक हजार कर दिया, कड़ुवा तेल दो रूपये लीटर कर दिया। भाजपा ने वोट पाने के लिए हमेशा अच्छे आने वाले का नारा देकर जनता को छला। कहा कांग्रेस उत्तरकाशी के तीन सीट जीत कर 2022 में सरकार बनाने वाले है।

कांग्रेस ही प्रदेश और देश का विकास कर सकती है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधान सभा चुनाव में कांग्रेस फिर से सत्ता में वापसी करेगी। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार को जुमलेबाजों की सरकार बताया। कहा कि केंद्र की गलत नीतियों का खामियाजा हर वर्ग के लोगों को उठाना पड़ रहा है। अब भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कांग्रेस का हाथ मजबूत करने की बात कही। कांग्रेस में शामिल पुर्व विधायक मालचंद ने अपने अभूतपूर्व स्वागत समारोह के उत्साह के लिए सभी का आभार व्यक्त करते कहा की यह जन समूह दर्शाता है। की कांग्रेस आने वाले चुनाव में जबरदस्त जीत हासिल करेगी।

इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रणजीत रावत, हरिमोहन नेगी,लोकेंद्र रावत,किशन रावत, दिनेश खत्री, जयेंद्र रावत,सुरपाल चौहान,प्रकाश नोडियाल,रेखा जोशी, समेत हजारों कार्यकर्ता शामिल थे।


कार्यालय सहायक अभियन्ता–तृतीय
परियोजना खण्ड,सिंचाई विभाग
यमुना कालोनी, देहरादून।

पत्रांकः 210 दिनांकः 05–01–2022

**कोटेशन सूचना सहा0अभि0-तृतीय/2021-22**

परियोजना खण्ड,देहरादून को खण्ड के अन्तर्गत विभिन्न कार्यो के रखरखाव एवं सम्पादन हेतु एक प्राईवेट जीप महेन्द्रा बुलेरो डीजल चलित को मासिक किराये पर आवश्यकता है जिसके लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त वाहन स्वामियों अथवा एजेन्सियों से दिनांक–13.01.2022 तक सांय 3:00 बजे तक मासिक किराये की दरें एवं प्रति किमी0 दर के उल्लेख सहित सीलबन्द लिफाफे में कोटेशन के रूप में आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक 3:30 बजे कोटेशनदाता/उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

नियम व शर्ते निम्नवत् रहेंगी :–
नियम एवं शर्ते अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

कार्यालय सहायक अभियन्ता–तृतीय
परियोजना खण्ड, देहरादून


# अल्मोड़ा में 74 करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

**संवाददाता**
अल्मोड़ा। विकास के पांच साल, नए इरादे–युवा सरकार के तहत जिले की अल्मोड़ा, सोमेश्वर, जागेश्वर, रानीखेत, द्वाराहाट, सल्ट विधानसभाओं में कार्यक्रम हुए। 6 विधानसभा में हुए कार्यक्रमों में कुल 74 करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण हुआ।

शुक्रवार को विकास के पांच साल कार्यक्रम के दौरान 62 करोड़ 59 लाख की योजनाओं का शिलान्यास व 11 करोड़ 73 लाख से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण हुआ। विधानसभा सोमेश्वर में 61 करोड़ 82 लाख से अधिक की 29 योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण हुआ। विधानसभा में 54.11 लाख की लागत से एक योजना का शिलान्यास, रानीखेत में दो करोड़ से अधिक की लागत की दो योजनाओं का लोकार्पण व द्वाराहाट विधानसभा में 9 करोड़ 88 लाख की लागत से आठ विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण हुआ।

रैमजे इंटर कालेज में अल्मोड़ा विधानसभा के कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान ने की। मौके पर 10 लाभार्थियों को चेक वितरित किए गए। साथ ही परिवहन विभाग ने दो वाहन चालक व परिचालकों को चेक बांटे। 10 बीएलओ भी इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया और पांच मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट के लाभार्थियों को किट वितरित किए गए। सोमेश्वर विधानसभा का सोमनाथ मैदान में हुआ। जिसकी अध्यक्षता बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने की।



# भाजपा सरकार की उपलब्धियों का किया व्याख्यान

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला खेल मैदान मे विकल्प रहित संकल्प नए इरादे युवा सरकार विकास के पांच साल कार्यक्रम में भाजपाइयो ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों का व्याख्यान किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल भी लगाए गए। खेल मैदान में आयोजित षविकास के पांच साल कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी द्वारा वर्चुअल माध्यम से संबोधन किया गया। भाजपा नेताओ ने भाजपा सरकार की पांच साल की उपलब्धिया गिनाई। निवर्तमान विधायक राजकुमार ने कहा कि भाजपा सरकार ने शिक्षा,सड़क एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य किए है। वृद्धा,विधवा, विकलांग पेंशन में भी बढ़ोतरी की है। सरकार ने मोरी क्षेत्र के केदारकांठा आदि पर्यटक स्थलो को पर्यटन के मानचित्र में जोड़ने का कार्य कर सड़को का विस्तारीकरण कर सीमांत क्षेत्र अन्नेको गांव को मोटरमार्ग से जोड़ने का कार्य किया है।

## न्यूज डायरी :

### नगर कीर्तन में बोले सो निहाल के जयकारों से गूंज उठी द्रोण नगरी

**संवाददाता** देहरादून। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, आढ़त बाजार, देहरादून के तत्वावधान में श्री गुरु गोविन्द सिंह जी के 355 वें पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकले नगर कीर्तन में गुरुवाणी गायन से द्रोण नगरी गुंजाएमान रही स संगतो ने सुन्दर सजी पालकी में विराजमान गुरु महाराज को माथा टेक आशिर्वाद प्राप्त किया। गुरुद्वारा करनपुर से प्रातरूकरीब 6.0 बजे अरदास के पश्चात श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को पंज प्यारों की अगुआई में फूलों से सजी सुन्दर पालकी में बिराजमान कर नगर कीर्तन की आरम्भता की स श्रद्धांलुओं ने गुरुबानी गायन कर दून नगरी को भक्तिमयी बना दिया स
नगर कीर्तन में सब से आगे जीप में बैठे नौजवान सिंह, बेबे नानकी सेवक जत्थे के बच्चे सुन्दर पोशाक में सजे शब्द गायन करते पंक्तिबद्ध चल रहे थे, साहिबजादा बाबा अजीत सिंह, अखाडा श्री गुरु सिंह सभा, बाबा दीप सिंह अखाडा करनपुर, बाबा बंदा सिंह बहादुर अखाडा करनपुर हैरत अंगेज करतब दिखा रहे थे, क्लास गुरु घर के बच्चे सुन्दर पोशाक में गुरु की महिमा का गायन कर रहे थे, पंजाब बैंड एवं राजा बैंड शब्दों की सुन्दर धुनें छेड़ रहे थे। जगह–जगह श्रद्धांलुओं ने जलपान के स्टाल संगत के लिए लगा कर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# मुख्यमंत्री ने प्रदान की विभिन्न विकास कार्यों हेतु वित्तीय स्वीकृति

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास कार्यों हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर में मोटर मार्ग का पुनः निर्माण कार्य हेतु 1 करोड़ 35 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर में दो निर्माण कार्यों हेतु 1 करोड़ 82 लाख रूपये,विधानसभा क्षेत्र पिथौरागढ़ में अम्बेडकर ग्राम सिलिंगया से अम्बेडकर ग्राम जाजर चिंगरी के तोक पन्नाचौड एवं छाती तक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य हेतु 12 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र पुरोला में 02 कार्यों हेतु 28.70 लाख रूपये,राज्य योजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र ज्वालापुर में



विभिन्न 04 निर्माण कार्यों हेतु 2 करोड़ 18 लाख रूपये,जनपद हरिद्वार के विधानसभा क्षेत्र खानपुर में विभिन्न 12 निर्माण कार्यों हेतु 5 करोड़ 28 लाख रूपये,जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत ग्राम नौगांव से कांसवाली कोठरी–भानवाला व बडोवाला मार्ग व माण्डूवाला में ओमप्रकाश जी के घर से होते हुए राजेन्द्र जी के घर तक मार्ग हेतु 91.63 लाख रूपये, जनपद उधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र रूद्रपुर के अंतर्गत विभिन्न 13 निर्माण कार्यों हेतु 5 करोड़ 30 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल में 03 कार्यों हेतु 86.56 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र नरेन्द्र नगर के अंतर्गत विभिन्न 02 निर्माण कार्यों हेतु 5 करोड़ 11 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र देवप्रयाग में विभिन्न 02 निर्माण कार्यों हेतु 7 करोड़ 74 लाख रूपये,जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र बद्रीनाथ के अन्तर्गत विभिन्न 04 निर्माण कार्यों हेतु 6 करोड़ 12 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र केदारनाथ में मोटर मार्ग को जोड़ने हेतु लिंक मोटर मार्ग के नव निर्माण कार्य हेतु 25.85 लाख रूपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

# 2007 में पकड़े गए प्रशांत राही समेत चार आरोपित दोषमुक्त

**संवाददाता** रुद्रपुर। ऊधमसिंह नगर जिला जज प्रेम सिंह खिमाल की अदालत ने वर्ष, 2007 में माओवादी गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में पकड़े गए प्रशांत सांगलीकर उर्फ प्रशांत राही और उनकी पत्नी समेत चार आरोपितों को सबूतों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता एडी मैसी ने बताया कि 20 दिसंबर 2007 में नानकमत्ता के जंगलों में माओवादी गतिविधियों की सूचना पर तत्कालीन एलआइयू निरीक्षक बीएल मधवाल ने मुकदमा दर्ज कराया था। साथ ही महाराष्ट्र निवासी प्रशांत सांगलीकर उर्फ प्रशांत राही को 23 दिसंबर 2007 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 29 फरवरी 2008 को टीचर कालोनी, काशीपुर निवासी दीपक पुत्र बसंत बल्लभ तथा हल्दूचौड, लालकुआं, नैनीताल निवासी गोपाल भट्ट पुत्र लक्ष्मी दत्त को माओवादी गतिविधियों में पकड़ा था। गिरफ्तार माओवादी प्रशांत राही की पत्नी मानपुर पश्चिम, रामपुर रोड, हल्द्वानी निवासी चंद्रकला को चार फरवरी 2009 को गिरफ्तार किया था।